तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024

4 रामनवमीं पर निकली शोभायात्रा

खबर संक्षेप

कलेक्टर साहू ने ली वन विभाग की समीक्षा बैठक

सारंगढ़। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सर्वप्रथम विभागीय कार्यों की सामान्य जानकारी लिए। इसी क्रम में वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइनए नवीन जिला से संबंधित स्टाफ एवं आफिस की अद्यतन जानकारी, विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभाग द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्य, पशुओं द्वारा क्षति पहुंचा, जाने पर दिया जाने वाला मुआवजा राशि, वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए किए जाने वाले उपाय, हाथियों की संख्या एवं उनके गतिविधि की जानकारी, वन्य जीवों की क्रासिंग, मानव हाथी द्वंदए नर्सरी में पौधों के प्रकार एवं अन्य विभागीय जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं सारंगढ़ और बिलाईगढ़ वन परिक्षेत्र के समस्त वन अधिकारीगण उपस्थित थे।

आवासीय विद्यालयों के लिए मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रोंए आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ. साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। जिसके लिए वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाये गये है। जिसके तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 23 अप्रैल निर्धारित है। जिसकी अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक है। ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 18 से 20 मई रात्रि 12 बजे तकए प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 9 जून रविवार प्रातरू 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास परियोजन प्रशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता

रायगढ़। नई शिक्षा नीति के तहत आधारभूत संख्यात्मक एवं साक्षरता ज्ञान एफ एलएन के तहत विकासखंड के बच्चों में पढ़ने की दक्षता के जांच हेतु विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज बीआरसी भवन रायगढ़ में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त चयनित बच्चों के द्वारा भाग लिया गया। यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त बच्चों में सबसे शुद्धता एवं तेज गति से पढने का पुरस्कार प्राथमिक शाला पटेलपाली कक्षा पांचवी में अध्ययनरत श्री गगन गुप्ता संकुल केंद्र तारकेलाए क्लब क्लस्टर कोतरा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुमारी जरीना फातिमा प्राथमिक शाला रेगड़ा ने द्वितीय तथा दीपेश चौहान प्राथमिक शाला बेहरापाली, कक्षा तीसरी संकुल केंद्र जामगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दूसरे ने भाग कर बचाई जान, छाल वन परिक्षेत्र की घटना

महुआ बीनने गए ग्रामीण पर हाथी ने किया हमला, मौत

कुडेकेला। महुआ बीनने एवं खेत की देखरेख करने घर से निकले एक ग्रामीण पर गजराज ने हमला कर दिया। हाथी ने उसे अपने पैरों तले कुचल कर मार डाला। वहीं उसके साथ गए एक अन्य ग्रामीण ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। वहीं सूचना मिलने पर वन अमला व छाल पुलिस मौके पर पहुंची।

■ दूसरे भाग कर बचाई जान, छाल वन परिक्षेत्र की घटना

बता दें यह घटना वन परिक्षेत्र छाल के ग्राम खर्रा के संतोष अग्रवाल के धान टिकरा के समीप हुई । शनिवार की तड़के सुबह ग्राम खर्रा निवासी जनक राम साहू पिता बहादुर साहू उम्र 72 वर्ष अपने साथी जयपाल पिता गंगाराम उम्र 41 वर्ष के साथ महुआ बीनने निकला था, वहीं पर धान टिकरा के पास उसका खेत है। अक्सर उक्त खेत की देखरेख करने के लिए वह जाता था। शनिवार की सुबह जब वह खेत में पहुंचा तो वहां जंगल की ओर निकले एक गजराज ने उस पर हमला कर दिया। इससे पहले कि वह अपनी जान बचाने भाग पाता हाथी ने उसे गिरा दिया और कुचल कर उसकी जान ले ली। वही साथी घटना को देखकर भयभीत होकर किसी तरह जान बचाकर भाग गया। इस घटना की सूचना परिक्षेत्र सहायक बनहर सुखदेव राठिया को अरविंद नामक स्थानीय व्यक्ति द्वारा दी गई। परिक्षेत्र सहायक ने तत्काल इस हादसे की सूचना अपने आला अधिकारियों को दीएसाथ ही छाल थाने में भी इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल वन विभाग के एसडीओ बालगोविंद साहू दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और आगे कार्यवाही में जुट गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया और वन विभाग द्वारा 25 हजार नगद तात्कालिक सहायता राशि मृतक के परिजनों को प्रदाय की गई।

हरिभूमि ने किया था आगाह

बता दें कि बीते दिनों हरिभूमि ने धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग अलग परिक्षेत्रों में करीब 105 हाथियों की मौजूदगी को लेकर खबर का प्रकाशन करते हुए आगाह किया था। हाथियों ने बीते दिनों 5 किसानों की धान की फसल, 180 पौधों सहित 54 नग फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया था।

मुआवजा राशि दी जाएगी

छाल वन परिक्षेत्र में एक वृद्ध पर हाथी ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस क्षेत्र में लगातार हाथियों की आमद हो रही है, जिसकी सूचना ग्रामीणों को मुनादी कर दी जा रही है। फिलहाल मृतक के परिजन को अंतिम क्रियाक्रम हेतु राशि दे दी गई है मुआवजा राशि कार्यवाही पूर्ण होने के बाद प्रदान की जाएगी।

-सुखदेव राठिया
परिक्षेत्र सहायक

प्रेक्षक से आमनागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस) से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 1 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 09 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 01 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 7647046318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।

छापामार कार्रवाई में एक लाख 34 हजार रूपए का सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश, उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में सरसीवां आबकारी टीम द्वारा कार्रवाई किया गया। छापामार कार्रवाई में अनुमानित एक लाख 34 हजार रूपए का सामग्री जप्ति किया गया, जिसमें अनुमानित 22 हजार का 110 लीटर का महुआ शराब, लगभग एक लाख 12 हजार 500 रुपए का 2250 किलो लाहन शामिल है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी ग्राम सलोनीकला सबरिया डेरा, गांव के बाहर एवम महानदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है। गांव के बाहर एवम आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है स सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे। स्थल पर 1 सफेद रंग के जरीकीन में भरे 20 लीटर तथा 3 नग सफेद रंग के पारदर्शी पालीथीन प्रत्येक में भरा 30-30 लीटर कुल जब्त मात्रा 110 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जो की 45 नग जूट के बोरे के अंदर पालीथीन प्रत्येक में भरा 50-50 किलोग्राम कुल मात्रा 2250 किलोग्राम को जब्त किया गया। कच्ची महुआ शराब को आबकारी टीम द्वारा जप्त किया गया और विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34,1, क, च, 34, 2 का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

ग्रामीणों को मतदान करने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम और एआरओ बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा नागरिकों के कार्यस्थल में जाकर गांव के राजस्व रिकार्ड का बी.1 वाचन किया गया ताकि भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान किया जा सके। सहायक रिटर्निंग अधिकारी डा. स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में इस अभियान के दौरान मतदाता जागरूकता का सामूहिक शपथ लिया गया।

जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश सिदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राजस्व मामलों में जिला राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है। भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसका उद्देश्य है कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांवए मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नामए भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा.आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी.1 खसरा भुईया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी.1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है। बी.1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी बी1 डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी.1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यों में उपयोग में लाया जाता है।

पुलिस ऑब्जर्वर एवं व्यय प्रेक्षक से मुलाकात का समय निर्धारित

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र 2 रायगढ़ के लिए जनरल ऑब्जर्वर डॉ.अंशज सिंहए आईएएस एवं पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन, आईपीएस तथा व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी को नियुक्त किया गया है। उक्त तीनों आब्जर्वरों का रायगढ़ आगमन हो चुका है। राजनीतिक दल, मीडिया, प्रतिनिधि एवं आम जनता जनरल आब्रजवर डॉ. अंशज सिंह, आईएएस मोबा नं. 7647046068 से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 1 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं दूरभाष क्रमांक 07762297413 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन, आईपीएस 7647042544 से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 2 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं दूरभाष क्रमांक 07762.297412 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी 7647045962 से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 5 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं दूरभाष क्रमांक 07762.297411 में संपर्क कर सकते है।

छात्रों को इंटर्नशिप के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरपालिका निगम रायगढ़ अन्तर्गत संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर, यूजर चार्जेस आदि करों की वसूली का ऑनलाइन सिस्टम लागू है। इसी के तहत पॉलिटेक्निक कालेज के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए आन लाइन टैक्स का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ऑनलाइन टैक्स सिस्टम से सम्बन्धित डेटा अपडेशन एमैक्सिमम पब्लिक यूटिलाइजेशन, इंप्रूव्ड डाटा एनालिसिस एंड सिस्टम अपग्रेडेशन एवम पब्लिक अवेर्नस हेतु पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों के साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम का प्रशिक्षण किया गया, जिसमें नगर निगम के अधिकारियों द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में सहायक राजस्व अधिकारी हरिकेस्वर लकड़ा, सहायक राजस्व निरीक्षक विकास कोंड, नगेन्द्र सिंह, परमेश्वर सिंह, पॉलीटेक्निक के त्यागी एवं 25 छात्र उपस्थित थे। इससे छात्रों को कार्य के व्यावहारिक ज्ञान के साथ स्किल डेवलपमेंट का लाभ मिलेगा। एवम कैरियर संभावनाओं में अधिक विकल्प एवं अवसर प्राप्त होंगे। क्रमांक 5 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं दूरभाष क्रमांक 07762297411 में संपर्क कर सकते है।

पांच दिन बाद भी युवती की नहीं हुई पहचान पीएम के बाद पुलिस ने किया कफन दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांच दिनों पूर्व दुकान में तैरती मिली एक युवती की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई। इसके बाद पांचवें दिन पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की और पुलिस द्वारा शव का कफन दफन कर दिया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का ही बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस युवती की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। शिनाख्ती के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा।

ज्ञात रहे कि लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा के खैरभावना डूबान क्षेत्र 15 अप्रैल की सुबह लगभग 9 बजे नहाने गए लोगों ने पानी में एक युवती की लाश देखी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। लेमरू थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू की थी। घटना के 5 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने मृत युवती के पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई और कार्यवाही के उपरांत शव का कफन दफन कर दिया गया।

अज्ञात महिला की मिली लाश

मानिकपुर चौकी पुलिस की डायल 112 की टीम एक अज्ञात महिला को उपचार के लिए विगत दिनों जिला अस्पताल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर मृत महिला की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

बैंक में पैसा निकालने आई वृद्धा भटकी, डायल 112 ने छोड़ा घर

कोरबा। पाली ब्लाक के अंतर्गत सुदूर पहाड़ी वनांचल क्षेत्र की 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला फटकिंन बाई निवासी सपलवा पुत्र मायाराम रोहिदास जो घर से बिना बताए पाली ग्रामीण बैक पैसा निकालने आई। घर वाले सभी परिजन महुआ बिनने जंगल निकल गए थे। बुजुर्ग महिला के द्वारा अपने बैंक खाता लेकर उस क्षेत्र में चल रहे बस में बैठ गई। उस रोड में खाली एक ही बस चलती है। पाली से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी में सपलवा ग्राम पंचायत है। जिसके कारण वह वापस नही जा पाई और भटक रही थी। 17 तारीख को रामनवमी अवसर पर सभी बैंकों की छुट्टी थी। बैंक बंद होने से दूर से आए बुजुर्ग महिला भूखे प्यासे भीड़ में भटक रही थी। भटकते हुए फारेस्ट कालोनी पाली भीम पटेल के घर के पास पहुंची जिस पर भीम पटेल ने डायल 112 को सूचना दिया कि एक बुजुर्ग महिला यहां अकेले बैठी है और उम्र दराज होने के वजह से वह ना सुन पा रही थी ना बोल पा रही थी। डायल आरक्षक पंचू राम सिदार चालक क्षितिज शर्मा वहां पहुंचे।

रायगढ़ स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम

जुंबा डांस से शत-प्रतिशत मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेहत के साथ मतदान की अपील के साथ रायगढ़ स्टेडियम में जुंबा डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिक्स और रॉकिंग सॉन्ग में 300 से ज्यादा खिलाड़ियों मॉर्निंग वाकर्स और आम लोगों ने थिरकते हुए 7 मई को मतदान देने जरूर जाने की बात कही। लोकसभा का मतदान 7 मई को होना है।

लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश और निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन पर स्वीप मतदाता जागरूकता के तहत हर रोज कैंपेन एवं कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रायगढ़ स्टेडियम में जुंबा डांस कार्यक्रम कर सेहत और उत्साह के साथ मतदान जरूरी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले द मसल फैक्ट्री के मंजेश ने मिक्स और रॉक सॉन्ग में जुंबा डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान सभी खिलाड़ियों और मैदान में उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ जुंबा डांस किया। इसके बाद सोम सिदार ने डांस की प्रस्तुति देते हुए सभी को एक्सरसाइज कराया। इसी तरह सोमा दास ने विभिन्न स्टेप से डांस के माध्यम से उत्साह के साथ सभी को एक्सरसाइज करने की तकनीक बताई। कार्यक्रम में सभी को कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने मतदान जरूर करने की शपथ दिलाई। पूरे कार्यक्रम में मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों, मॉर्निंग वॉकर्स एवं आम लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जमकर जुंबा डांस किया। सभी के चेहरे पर खुशी और उत्साह नजर आ रहा था। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी जनसंपर्क अधिकारी एवं स्वीप नोडल लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, उप अभियंता राजेश पंडा, यज्ञा सिदार, स्टेडियम प्रभारी नायक, भीष्म साहू सहित स्टेडियम के कर्मचारी स्टेडियम में डेली प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ी, मॉर्निंग वॉकर्स एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

जुंबा डांस का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक करते खिलाड़ी व आम लोग।

राजस्व कार्यों में तेजी लाने अमले को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राजस्व मामलों में कमी और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के मद्देनजर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों में बुनियादी प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस करते हुए डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में विगत दिनों राजस्व निरीक्षकों को सीमांकन, बटांकन आदि का कार्यालय और खेत में जाकर प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के द्वारा सभी बैठको में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए प्रक्रिया को अधिकारी कर्मचारी जानते हैं कि नहीं। इसके लिए प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करने कहते हैं। कलेक्टर श्री साहू का मंशा है कि जितना हमारा राजस्व अमला कार्य को जानेंगे समझेंगे, राजस्व मामलों में उतनी ही कमी आएगी।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

सिल्वेस्टर पर लगा 'तुलसा किंग' के कलाकारों का अपमान करने का आरोप

हॉलीवुड अभिनेता और फिल्ममेकर सिल्वेस्टर स्टेलोन पर पैरामाउंट प्लस सीरीज 'तुलसा किंग' के अटलांटा सेट पर अन्य अभिनेताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। आरोप लगा कि उन्होंने सेट पर टॉक्सिक माहौल बनाया। कहा गया है कि 'तुलसा किंग' के कास्टिंग निर्देशक रोज लॉक ने सीरीज छोड़ दी है। सिल्वेस्टर के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के पर जवाब नहीं दिया। 'तुलसा किंग' को 'येलोस्टोन' के सुपरस्टार श्रोता टेलर शेरिडन ने बनाया था। वर्तमान में वे अटलांटा में अपने दूसरे सीजन की शूटिंग कर रहे हैं। 'तुलसा किंग' का सीजन 1 का प्रीमियर नवंबर 2022 में हुआ था, जो ओक्लाहोमा में फिल्माया गया था, जहां शो सेट है। कहा जाता है कि पैरामाउंट प्लस को आरोपों की जानकारी है। रोज लॉक ने बताया कि उन्होंने शो से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि सेट पर काफी टॉक्सिक माहौल था। सिल्वेस्टर के खिलाफ जिन दावों पर अन्य अभिनेताओं के बीच चर्चा छिड़ गई, उन्हें टीवी लेखिका जूली बेन्सन ने सोशल मीडिया पर साझा किया। 8 अप्रैल को जूली ने एक्स पर दो स्क्रीनशॉट पोस्ट किए और लिखा, 'यह परेशान करने वाली खबर मेरे अटलांटा मित्र से मिली, जिसकी पृष्ठभूमि इस सप्ताह तुलसा किंग से है। कास्टिंग एजेंट ने नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह बहुत निराश थी। मेरा दोस्त अब काम करने को लेकर चिंतित महसूस कर रहा है। सिल्वेस्टर आपको अपने बारे में क्या कहना है सर? निराश होने के अलावा, मैं गुस्से में हूं।' स्क्रीनशॉट में एक फेसबुक पोस्ट था, जिसमें एक आरोप का जिक्र किया गया था कि स्टैलोन को शो के निर्देशक से यह कहते हुए सुना गया था, इन बदसूरत कलाकारों के साथ क्या हो रहा है। उन्होंने कलाकारों को बदसूरत और मोटा व्यक्ति कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे आसपास रहने के लिए युवा सूंदर लड़कियां लेकर आओ। फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि रोज लॉक ने शो से इस्तीफा दे दिया है और इसका हम समर्थन नहीं करते, यह कलाकारों का अनादर है।

टॉलीवुड

'वेट्टैयन' में विलेन का किरदार निभाने होगी राणा की एंट्री

सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'वेट्टैयन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक अफवाह सोशल मीडिया पर फैल रही है। इस अफवाह से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबाती के किरदार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि राणा दग्गुबाती विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। उनका किरदार बेहद खतरनाक होने वाला है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इसका निर्देशन टीजे ग्नानवेल कर रहे हैं। फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा फहद फासिल, दुशारा विजयन, रितिका सिंह और मंजू वारियर भी मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। 'वेट्टैयन' में जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर की धुनें भी सुनने को मिलेगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले दोनों को साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में देखा गया था। मेकर्स ने कुछ दिन पहले ही फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया था। इसके साथ बताया गया था कि फिल्म 'वेट्टैयन' अक्तूबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

छॉलीवुड

प्रणव झा की बीए फाइनल ईयर आज आएगी बड़े पर्दे पर

प्रणव झा निर्देशित "बीए फाइनल ईयर" 19 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज हुआ था। ट्रेलर रिलीज होने के बाद यह तो साफ हो गया था कि दर्शकों को फिल्म में साउथ इंडियन अभिनेत्री और छत्तीसगढ़िया हीरो की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। फिल्म में अभिनेता मन कुरैशी और अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की जोड़ी भी बेहद आकर्षक लग रही है। फिल्म अभिनेता मन कुरैशी नगर निगम की गाड़ी में कचरा ढोने का काम करते हैं साथ ही साथ उस कॉलेज में पढ़ाई करते हैं जिस कॉलेज में साउथ इंडियन अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल भी अध्यनरत है। छत्तीसगढ़िया हीरो को साउथ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है और उनके प्यार में आडे आती है साउथ इंडियन लड़की की मां। फिल्म की कहानी कुछ हद तक कमल हासन और रति अग्निहोत्री की 'एक दूजे के लिए' की याद दिलाती है। हालांकि पूरी कहानी का खुलासा तो फिल्म के रिलीज होने के बाद ही होगा। बीए फाइनल ईयर का ट्रेलर सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर बड़ी तादाद में व्यू बटोर रहा है। फिलहाल फिल्म के रिलीज होने पर ही साफ होगा कि दर्शक कितना प्यार लुटाते हैं।

न्यूयार्क फैशन वीक में डिजाइनर कोशिश करते हैं कि उनकी दी हुई डिजाइन अनूठी हो। अलग-अलग थीम पर तैयार ड्रेस के साथ मॉडल रैम्प पर उतरते हैं। पिछले दिनों यहां यूनिक स्टाइल पर हुए शो से पहल सारे मॉडल एक साथ नजर आ रहे हैं। सभी किसी एक डिजाइनर की नहीं बल्कि अलग-अलग डिजाइनर के कलेक्शन के साथ स्टेज पर नजर आए।

कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने जानें उपाय

मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती हैं। जहां हर महिला चाहती हैं कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी : कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल : बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।

पानी के तापमान का रखें ध्यान: बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे ।

बालों को करें ट्रीम : कर्ली हेयर को समय -समय रहते हुए ट्रीम भी करें। ऐसा करें से दो मुंहे बालों की समस्या कम हो जाती है साथ ही बालों ग्रोथ भी बढ़ती हैं। वहीं बालों में चमक भी आती है।

हीटिंग टूल्स का न करें इस्तेमाल : कई बार ऐसा होता है जब हम बालों को सुखाने के लिए हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। बालों को सुखाने के हेयर ड्रायर का कम इस्तेमाल करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से बाल कमजोर हो जाते हैं साथ ही बालों की शाइनिंग भी कम हो जाती है।

पहननी है चिकनकारी कुर्ती तो ऐसे पूरा करें अपना लुक

जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है। चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।

प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

हील्स लगेगी खूबसूरत

आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

कानों में झुमके

एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे। चिकनकारी कुर्ते के साथ अपने बालों को अलग आप खुला रखेंगी, तो आपका लुक कमाल का लगेगा। इसीलिए अपने बालों को खुला ही रखें, ताकि आपका लुक देखने में स्टाइलिश भी लगे।

शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिटस

शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। सी आर्टिकल में हम आपको एक्ट्रेसेस के आउटफिट के कुछ लुक दिखाएंगे और इन लुक ससे आप शादी में पहनने के लिए आइडिया ले सकती हैं।

साड़ी: अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्त्रेस्सने छूकर ज्वेल्लेरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।

प्लाजो पैंट: वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीँ सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीँ किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं। वहीं मेहँदी फंक्शन के लिए आप इस तरह का सूट ग्रीन वेलवेट सूट वियर कर सकती हैं।

अंगरखा सूट के साथ वियर करें ऐसी ज्वेलरी, दिखेंगी खूबसूरत

सूट के साथ जब आप ज्वेलरी वियर करती हैं तो इससे आपका लुक और भी अच्छा लगने लगता है। इसलिए आपको इसे ट्राई जरूर करना चाहिए। जब भी एथनिक आउटफिट की बात आती है तो सबसे पहले हम सूट को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें पहनना भी आसान होता है। साथ ही इसे हम कहीं भी पहनकर जा सकते हैं। लेकिन यह लुक भी तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को वियर करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके लुक में एक अलग ग्रेस आता है। साथ ही अलग-अलग ज्वेलरी स्टाइल करने का मौका मिलता है।

अंगरखा सूट के साथ स्टाइल करें चोकर सेट: अंगरखा सूट के साथ चोकर सेट अच्छा लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी नेकलाइन ही काफी अट्रैक्टिव होती है। इसमें आपको वी शेप की नेकलाइन मिलती है। जिससे सूट के साथ पहनी जाने वाली ज्वेलरी और भी खूबसूरत लगती है। आप सूट के साथ हैवी वर्क वाले चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। साथ में स्टड इयररिंग्स को पेयर करें। इसे और सुंदर बनाने के लिए हाथ में रिंग भी पहन सकती हैं। जिससे यह पूरा लुक खूबसूरत लगे। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको 50 से 100 रुपये में मिल जाएगी।

ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स सेट: अंगरखा सूट के साथ जरूरी नहीं की आप हैवी नेकलेस को वियर करें। आप इसके साथ कंगन और इयररिंग्स को ही वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स का सेट खरीदना होगा। इसके लिए आप मार्केट जाकर पटरी में बैठने वाले लोगों से इसकी शॉपिंग कर सकती हैं। इयररिंग्स आपको 50 रुपये और कंगन 100 रुपये में मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा। जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।



कपड़ों का कलेक्शन: साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकरी साड़ी वजन में हल्की होती है। आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी: यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।

हेयरस्टाइल: शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

मुंबई। एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style

मलाइका

सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल

बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं।

मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गई।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

हॉलीवुड मसाला

फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलिस। वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।

सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, ''यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।

अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

टीवी मसाला

नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

मुंबई। 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।

दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली

मुंबई। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक

मुंबई। सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा

मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा

मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।

शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।

कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।

खबर संक्षेप

दिनदहाड़े लूट का प्रयास करने वाले आरोपी फरार

तनौद । बाइक में सवार 4 नकाबपोश ग्राम तनौद के एक घर में दिनदहाड़े लूटपाट करने का प्रयास करने वाले वाले आरोपी 24 घंटे बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 18 अप्रैल की दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत तनौद में शिवकुमार पिता कुंजराम साहू अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान तड़के 2 बजे चार नकाबपोश रिवाल्वर व चाकू लेकर लूट की वारदात को अंजाम देने घर के अंदर पहुंचे। जिसे देखकर वह घबरा हो गई और जोर जोर से चिल्लाने लगी। तब पड़ोसी व आसपास लोग इकट्ठे होते ही नकाबपोश हमला वार रिवाल्वर देखा और घटना स्थल से दो नग चाकू बैंग स्पार्क छोड़ भागे। घटना कि जानकारी शिवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिससे शिवरीनारायण थाना प्रभारी मामले की जांच में जुटे है। खास बात यह है कि घटना को हुए 24 घंटे बीत चुके है, लेकिन इसके बाद भी आरोपी नकाबपोश पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

कचरा डंपिंग यार्ड बना जिला मुख्यालय का शांतिनगर

जांजगीर-चांपा। शांति नगर अघोषित रूप से कचरा डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। शहर का कचरा हो या फिर मरे हुए जानवर, सब यहीं फेंके जा रहे हैं। जब कचरा बढ़ता है तो नगर पालिका के कर्मचारी उसमें आग लगा देते हैं. जिसके चलते बदबू और धुएं से लोग परेशान हैं. खास बात यह है कि क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है, लेकिन जब कोई बड़ा नेता आता है, तो इसे साफ जरूर कर दिया जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया की शहर के बड़े होटलों, घर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका के कर्मचारी लेकर आते हैं, फिर उसे इसी मैदान में डंप कर दिया जाता है. साथ ही कोई मवेशी भी मरता है तो उसे भी इसी कचरे में फेक दिया जाता है। कचरे से निकलने वाली बदबू से बीमारी भी हो रही है। इसके अलावा संक्रमण फैलने का भी खतरा है. वहीं बच्चो के खेलने के लिए मैदान भी नहीं है। शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद कचरा बढ़ता जा रहा है. लोगों के घरों से आज भी प्लास्टिक से बने सामान निकल रहे हैं. बड़ी मात्रा में यार्ड में हर दिन प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसी कटलेरी आइटम, डिब्बे के साथ मेडिकल वेस्ट भी वहां डंप किए जा रहे है। इसलिए कचरे का ढेर कम होने के की जगह बढ़ रहा है।

जेवर चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

कुसमी। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 3 लाख 50 हजार के जेवरात चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ा। हैरानी की बात यह चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक अपचारी बालक है। पुलिस ने अपरचारी को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तहसील पारा निवासी राम अवतार खलखो आ. लाखू राम (36 वर्ष) 24 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर का दरवाजा तोड़कर कमरे में रखे अलमारी को तोड़कर लगभग 3 लाख 50 हजार कीमत के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 454,380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की कुम्हार पारा निवासी एक बालक अपने मोबाइल से गहना जेवरात बिक्री करने की कही बात कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल पुलिस बल के साथ कुम्हार पारा निवासी संघर्षरत लड़का को पकड़ कर पूछताछ की गई। जिस पर संघर्षरत बालक द्वारा सुना घर देखकर बाउंड्री फांदकर घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर अलमारी तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी जेवरात सहित नगदी 70 हजार रुपए चोरी करने की बात कबूल की। साथ ही चोरी की राशि में से एक मोबाइल खरीदने तथा शेष राशि खर्च हो जाने की बात बताई। वहीं जेवरात को एक टिफिन में बंद करके घर के आंगन में मिट्टी के अंदर में रखने की बात कही। पुलिस ने अपचारी के निशानदेही पर जेवरात बरामद कर लिया। पुलिस संघर्षरत बालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

मतदाता जागरूकता अभियान में एनएसएस की सक्रिय भागीदारी

निष्पक्ष व निर्भीक मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंदर यादव आईएएस के मार्गदर्शन में तथा नगर पालिका निगम रायगढ़ आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी आईएएस के विशेष मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़ राजेश साहू की अगुवाई में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल, अग्रणी महाविद्यालय किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कपूर चंद गुप्ता के साथ रायगढ़ नगर एवं विभिन्न महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की विशेष सहभागिता एवं रायगढ़ के ख्याति लब्ध आर्टिस्ट मनोज श्रीवास्तव स्वीप कार्यक्रम के प्रसार प्रमुख विकास रंजन सिन्हा एवं नगर पालिका निगम रायगढ़ जनपद पंचायत रायगढ़ जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन नायक एवं नगर पालिक निगम रायगढ़ के कर्मचारी व अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही।

मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत 19 अप्रैल को हेमु कालाणी सिग्नल चौक रायगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की विशेष सहभागिता के साथ नगर पालिका निगम जनपद पंचायत एवं अन्य शासकीय कर्मचारीयों की विशेष भागीदारी के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चौक में पहुंचने वाले सभी वाहनों में 7 मई मतदान दिवस को मतदान अवश्य करने के लिए अपील का स्टीकर चिपकाने के साथ.साथ विशेष मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया वहीं आयुक्त नगर पालिका निगम द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों एवं नगरवासियों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने का शपथ भी कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान जहां उपस्थित लोगों ने केलो पुल में कतारबद्ध होकर मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक सुशांत पटनायक राज्यपाल पुरस्कृत छात्रा खुशबू साहू के साथ विभिन्न महाविद्यालय से छात्र एवं छात्र स्वयंसेवकों की विशेष उपस्थिति रही।

रामनवमीं पर निकली शोभायात्रा

चंद्रपुर। माँ चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर में प्रभु श्री राम जी की रामनवमीं धूमधाम से मनाई गई, विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में नगर में डीजे, घंट पार्टी, कर्मा नृत्य और प्रभु श्री राम के दरबार की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी की महिलाओं ने नगर की गलियों को प्रभु श्री राम के जयकारों से गुंजायमान कर दिया।

श्री गोपाल जी मंदिर से शोभायात्रा का आरंभ किया गया जो भारत माता चौक से सोनार पारा, निषाद पारा माली पारा, हाईस्कूल, बस स्टैंड, मंडी पारा, यादव मोहल्ला, देवांगन पारा, शशिपुर होते हुए मंदिर चौक में शोभायात्रा का विश्राम किया गया। इस मौके पर जगह जगह पर शीतल पेय एवं जलपान की व्यवस्था नगर के विभिन्न स्थानों पर किया गया था। जहां मंदिर चौक में व्यापारी संघ द्वारा सुबह से शाम तक पूड़ी सब्जी बांटा गया वहीं देवांगन मोहल्ला में शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे नगर में दिये जला और आतिशबाजी कर बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ खुशियां मनाई गईं।

प्रवासी नागरिकों को मतदान के लिए बुलाने गुब्बारे में बांधकर भेजा संदेश

सारंगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पवनी के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री साहू ने इस अवसर पर जिले से पलायन किया नागरिकों को कहा कि यह बुलावा के लिए प्रतीक के तौर पर तीन रंगों से भरा गुब्बारा उन तक आकाश के माध्यम से भेज रहे हैं। इस गुब्बारे में लिखा हमारा संदेश स्पष्ट है कि घर आबे संगी। घर बुलाने का जिला प्रशासन का अपील है कि वह अपने घर आकर 7 मई 2024 को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए और लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं। कलेक्टर श्री साहू ने अपने उद्बोधन में सभी नागरिकों को कहा कि वह अपने साथ साथ घर परिवारए आस पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहानए एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान सहित स्थानीय पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मतदाता रखेंगे समृद्ध भारत की नीवः कलेक्टर

सारंगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पवनी के मतदाता हस्ताक्षर अभियान रैली कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री साहू ने सभी उपस्थित नागरिकों को मतदान के लिए सामूहिक शपथ दिलाया। कलेक्टर श्री साहू ने अपने उद्बोधन की शुरुआतए विभिन्न गांव से आए दाई, दीदी ल जय जोहार से किया। आज के इस अभियान में मतदान आप सबकी एक भागीदारी है। मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण है और ये मील का पत्थर है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। हम लोग एक ऐसे नीव को रखने जा रहे हैं जिससे समृद्ध भारत का नीव यही से रखा जाएगा। जैसे जैसे हम इस अभियान को आगे बढ़ाते जाएंगे वैसे.वैसे मतदाता साथी यह समझने लगेंगे किए हम सब मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। मताधिकार का प्रयोग करते समय हम यह भी देखें किए बिना कोई लालच के बिना कोई भय के बिना कोई दबाव केए मताधिकार का प्रयोग करें।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

फरसाबहार। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में गुणवत्ता एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देश के कई सरकारी विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय में शामिल किया गया है। इसके लिए कई कार्ययोजना बनाई गई है जिसमें प्रोजेक्ट इनोवेशन के तहत पीएम श्री विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाना है। शुक्रवार को फरसाबहार विकासखंड के ग्राम लवाकेरा में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक विकास शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ध्रुव, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक, अन्य स्टाफ, विद्यालय के बच्चे एवं उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने पीएम श्री शाला की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में : विस्तार से बताया एवं स्वास्थ्य शिविर में मिले लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। चिरायु टीम के डॉ. सचिन लकड़ा द्वारा स्वास्थ्य संबंधी बातें बताई गई।

फरार वारंटियों के विरूध विशेष अभियान जारी, दो दर्जन वारंटी गिरफ्तार

रायगढ़। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की नियमित जांच पतासाजी जारी है। इसी क्रम में कल दिनांक 19 अप्रैल को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार रहे 13 स्थायी और 26 गिरफ्तारी वारंट' की तामिली करते हुए वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें शीघ्र न्यायालय पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार वारंटी चोरी, मारपीट, आबकारी व विविध अपराधों के आरोपी हैं। नियत पेशी तिथि पर कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर इनके विरूद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी स्थायी वारंट जारी किया गया था। फरार वारंटियों पर अनुविभागवार कार्यवाही में रायगढ़ अनुविभाग के थाना कोतवाली से 02 स्थायी और 01 गिरफ्तारी वारंट चक्रधरनगर से 03 स्थायी वारंट, जूटमिल से 04 गिरफ्तारी और 01 स्थायी वारंट, कोतरारोड़ से 8 गिरफ्तारी वारंट 1 स्थायी वारंट तथा थाना पुसौर से 02 गिरफ्तारी वारंट कुल 22 स्थायी गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई है। वहीं पूंजीपथरा थाने द्वारा 02 स्थायी वारंट एवं थाना तमनार ने भी 1 स्थायी और 1 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की है। खरसिया अनुविभाग में 8 फरार वारंटियों को पकड़ा गया है जिसमें थाना छाल ने 4 गिरफ्तारी वारंटए चौकी जोबी ने 02 स्थायी वारंट और चौकी खरसिया ने 01 गिरफ्तारी और 01 स्थायी वारंट की तामिली की है। इसी प्रकार धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना धरमजयगढ़ और चौकी रैरूमाखुर्द से 2-2 गिरफ्तारी वारंट तथा लैलूंगा से 01 गिरफ्तारी वारंट कुल 05 वारंटों की तामिली की गई है।

राठिया जशपुर में कल करेंगे जनसंपर्क

जशपुर। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया 22 अप्रैल दिन सोमवार को जशपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे,उक्ताशय की जानकारी देते हुवे ओम प्रकाश सिंहा जिला संयोजक विधानसभा जशपुर ने बताया कि लोकसभा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया दिनांक 22 अप्रैल 2024 (दिन सोमवार) को सुबह 11.30 से 2.00 बजे दोपहर तक जशपुर ग्रामीण मंडल में विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहेंगे,यहां ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष संजीव ओझा के नेतृत्व में सुबह 11.30 बजे लोदाम,दोपहर 12.30 बजे लोखण्डी और दोपहर 01.30 बजे आरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो जनता से रूबरू होंगे।

छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर प्रेरित करने की जरूरत : डॉ. रक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शास राभरा एनईएस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर में एग्जामिनेशन स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विज्ञान संकाय एवं आई. क्यू. ए. सी. के द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉ. अबरार खान ने कहा कि, परीक्षा तनाव आजकल छात्रों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

हमें यह समझना जरूरी है कि परीक्षा से जुड़ा तनाव छात्रों के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। हमें अपने छात्रों को सहायता प्रदान करने और उन्हें तनाव के साथ निपटने के उपाय सिखाने की जरूरत है। उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।एक दिवसीय कार्यशाला के रूप में, हमें छात्रों को विभिन्न तकनीकों और उपायों का परिचय देने का अवसर मिलता है जो उन्हें परीक्षा तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। हमें इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सहायता, मानसिक स्थिति की संतुलना, और सही आहार और व्यायाम की महत्वता के बारे में जागरूक करना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने कहा कि हमें अपने छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर समर्थन प्रदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि वे परीक्षा के समय में अपने अध्ययन को संगठित और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। हमें छात्रों को उनकी स्थिति को समझने और सही सलाह देने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे अपने तनाव को सही तरीके से संभाल सकें। समर्थन, प्रेरणा, और विकास के साथ, हम सभी एक स्वस्थ और सक्षम समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं, जहां परीक्षा तनाव को कम किया जाता है और छात्रों को अधिक उत्साही, सक्रिय और स्वास्थ्यवर्धक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाता है।" कार्यशाला के संयोजक प्रो. डी. आर. राठिया ने कहा कि आजकल, परीक्षा तनाव छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है।

श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में एक साल में हृदय के 1000 से अधिक मरीजों का सफलतम सर्जरी कर बनाया स्वर्णिम इतिहास

रायगढ़। शहर के श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल ने अब तक कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं गंभीर से गंभीर ऑपरेशन को सफल बनाने की बात हो या फिर हर बीमारी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की बात हो तो सबसे पहले लोगों के जिहान में श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल का ही नाम आता है। लोगों के विश्वास का प्रतीक बन चुके श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल को जिले का सबसे विश्वसनीय हॉस्पिटल कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी एक बार फिर से श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुऐ एक साल में 1000 से अधिक अतिगम्भीर हृदय मरीजों का सफल सर्जरी कर स्वर्णिम इतिहास रच दिया है।जिसमे कोरोनरी आर्टी एंजियोग्राफी के 580 सर्जरी, कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के 366 सर्जरी, परमानेंट पेस मेकर के 18 सर्जरी, Temporary पेसमेकर के 19 सर्जरी, परमाकैथ के 16, पेरिपेरल एंजियोपालस्टी 3 सर्जरी पेरीफेरल एंजियोग्राम 9 सर्जरी, के साथ बैलून वाल्वोलॉजी सहित टोटल 1000 से अधिक हृदय सर्जरी शामिल है।

हेल्थ प्लस

गौरतलब है कि जटिल हृदय बीमारियों का इलाज रायगढ़ में पहले अकल्पनीय था रायगढ़ अंचल के मरीजों को पहले रायपुर, नागपुर, विशाखापट्टनम जैसे महानगरों के चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन आप जिले के श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के हृदय विभाग में अब सर्वोत्तम तथा विश्व स्तरीय इलाज की आधुनिक तकनीकी सुविधा उपलब्ध है जिसका लाभ रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, कोरबा, चांपा, पत्थलगांव सहित ओडिशा राज्य के मरीज लाभान्वित हो रहे हैं।जहां प्रदेश के सुप्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ अलेकजेंडर विलियम द्वारा प्रतिदिन इलाज उपलब्ध करा रहे है यह रायगढ़ अंचल के लिए वरदान बनकर सामने आई।मेट्रो हॉस्पिटल की स्थापना गंभीर और जटिल रोगों के इलाज के लिए की गई है। अभी तक कई लाखो मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही आयुष्मान योजना, बिरजू स्वास्थ्य योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों उपचार सुविधा दी जाती है।इस अमिट उपलब्धि के लिए सभी रायगढ़ जिलावासियों ने मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ प्रकाश मिश्रा और हॉस्पटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नंदा को बधाई और शुभकामनाएं दी।

कोलाहल अधिनियम का सख्ती से पालन कराने की जरूरत

पुसौर। देश के कानून व्यवस्था में उच्च दाब वाले ध्वनि प्रसारण यंत्रों का उपयोग नियंत्रित होकर करने की हिदायत है बावजुद इसके आजकल प्रत्येक उत्सव अथवा चुनाव आदि में इसका बेतरतीब ढंग से उपयोग किया जाता रहा है जिसमें कईयों का हार्ट होकर निधन होने की खबर प्रकाश में आया है लेकिन इसे उपर वाले की मर्जी बताया जाकर आज पर्यन्त ऐसे उच्च दाब वाले ध्वनि प्रसारण यंत्र डीजे आदि पर कोई कार्रवाई इसलिए नहीं हो पाई है कि चूंकि उत्सव धर्मी लोग डीजे का उपयोग कर अपने शान में इजाफा करते रहे हैं।

मिले तथ्यों व संकलित जानकारी के मुताविक डीजे के तीब्र स्वर के बीच नशे की हालत में डांस कर रहे कई युवकों की हृदय गति रूक जाने से मृत्यु हो जाने की जानकारी प्रकाश में आया है वहीं ज्यादा उम्र दराज वाले लोगों व बच्चों को यह दूर से भी इस डीजे की झंकार प्रभावित करती है जिससे उन्हें हार्ट अटेक आने की आशंका बनी रहती है। यह सर्व विदित है कि जब डीजे की तीब्र ध्वनि प्रसारित होती है तो घर के छत, पलंक टेबल कुर्सी आदि सभी चीजो में एक झंकार प्रवाहित होती है वहीं छोटे मोटे सिमेंट के टुकडे छत से भी गिरते हैं। एक एतिहासिक घटना में यह तथ्य उल्लेख है कि किसी शासक ने अपने शत्रु के किले को ध्वस्त करने उच्चदाब वाले ध्वनि संयंत्र का उपयोग किया था। उक्त तथ्य भौतिक विज्ञान के ध्वनि नामक पाठ में उल्लेख होना बताया जाता है मतलब यह तय है कि तेज तर्रार ध्वनि से इमारत और किला तो क्या जीवित वस्तु भी प्रभावित होती है ।

चरखापारा में मनाया जा रहा अखंड विष्णु नाम महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

चरखापारा में अखंड विष्णु नाम महायज्ञ अष्ट प्रहरी मनायर जा रहा है। 24 घण्टे चलने वाले अखंड विष्णु नाम यज्ञ में आसपास के गांवों से कीर्तन मंडली समिति पहुंचकर अखंड विष्णु नाम यज्ञ में हुए शामिल हो रहे है। कार्यक्रम के लिए यज्ञ प्रांगण को अच्छी तरह से सजाया गया है।

ग्राम चरखापारा में 25 वर्षों से बड़े धूमधाम के साथ अखंड विष्णु नाम यज्ञ का आयोजन किया जाता है। सुबह से शाम रात तक लगातार ग्राम वासियों के साथ ही आसपास के गाँव गाँव से इस अखंड विष्णु नाम यज्ञ अष्ट प्रहरी में शामिल होने पहुच रहे है। पूजन और अखंड कीर्तन में भक्तो का उत्साह देखते बनता है। हर एक व्यक्ति अपने-अपने मन में प्रार्थना लेकर भगवान श्री हरि के श्री चरणों में अर्पित हो रहे है। गाँव की महिलाएं लगातार यज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। इस अखंड नाम विष्णु महायज्ञ में ग्राम इला से आये कीर्तन मंडली के टिपेन्द्र यादव ने बताया कि हमारे गाँव से हमारी कीर्तन मंडली शुक्रवार को दुबारा कीर्तन करने पहुचा है। हम दोपहर को एक बार आकर कीर्तन में शामिल हो चुके है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमे ग्राम चरखापारा के अखंड विष्णु नाम महायज्ञ के अष्ट प्रहरी में शामिल होने का मौका मिला है। ग्राम चरखापारा के अखंड विष्णु नाम यज्ञ समिति ने बताया कि ये ये महायज्ञ गुरुवार को शुरू हुआ है जिसका समापन शनिवार को किया जाएगा इस कार्यक्रम में सभी गाँव वालों के साथ अन्य आसपास गाँव के लोगो ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। दूर दूर से अनेक कीर्तन मंडली आकर इस महायज्ञ में बारी बारी से कीर्तन कर रहे है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष महाकुल समाज धरमजयगढ़ दुकालू राम यादव, ग्रामीण अध्यक्ष चरखापारा कन्हाई यादव, दिनेश यादव, जग्गनाथ यादव, तेजकुमार यादव, जलन्धर यादव, नित्या यादव, सुदर्शन यादव, चन्द्रमणि यादव, रोहित यादव, निधि यादव, चिंता यादव, विरन्दावन यादव, पीताम्बर यादव, तुलसी यादव, जगदीश यादव, अनिल यादव, दयानिधि यादव, बृजमोहन यादव, परमानन्द यादव, भोज यादव, एवं समस्त ग्राम वासी चरखापारा के लोगो का सहयोग है।